हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 4 अप्रैल 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा

04 अमलतास मेडिकल कॉलेज की बड़ी...



07 मां अंजनी धाम मेला महोत्सव में आस्था का सैलाब उमड़ा



## खबर संक्षेप

### सुनील पाटीदार बने युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर द्वारा वरिष्ठ नेताओं की सहमति से



घोषित युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी में तहसील के ग्राम धरोला निवासी सुनील पाटीदार को प्रदेश नीति एवं शोध सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। श्री पाटीदार की नियुक्ति पर युवाओं में हर्ष व्याप्त है। युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर द्वारा घोषित प्रदेश कार्यकारिणी में आगर जिले से एकमात्र धरोला निवासी सुनील पाटीदार को शामिल किया गया है। श्री पाटीदार की युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी के रूप में नियुक्ति पर उन्हें भाजपा व युवा मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा बधाइयां देते हुवे स्वागत किया गया।

### बाल विवाह रोकने हेल्पलाइन नंबर और वन स्टॉप सेंटर सक्रिय

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेशभर में व्यापक अभियान संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अवसर पर बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर तक सतर्कता बढ़ाई जाए तथा प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में कंट्रोल रूम स्थापित कर निगरानी रखी जाएगी। ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय कर संदिग्ध विवाहों की सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

# इछावर रोड पर फिर होगा भाजपा जिला कार्यालय का भूमिपूजन, सीएम और प्रदेशाध्यक्ष वर्चुअली जुड़ेंगे

**पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को होगा आयोजन, पहले भी 2-3 बार हो चुका है भूमिपूजन, 10 हजार वर्गफीट में 2.5 करोड़ की लागत से बनेगा हाईटेक वार रूम**

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी अपने 46वें स्थापना दिवस 6 अप्रैल के अवसर पर प्रदेश के 18 जिलों के साथ सीहोर में भी नए जिला कार्यालय का भूमिपूजन करने जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने बताया कि मुख्यालय के इछावर रोड स्थित भूमि पर यह भव्य समारोह आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वर्चुअली शामिल होकर भूमिपूजन करेंगे।

बता दें सीहोर में भाजपा कार्यालय का निर्माण लंबे समय से चर्चा और प्रतीक्षा का विषय रहा है। दिलचस्प बात यह है कि इससे पहले भी 2 से 3 बार भाजपा कार्यालय के लिए भूमिपूजन के कार्यक्रम हो चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य अब तक नहीं हो सका है।

### पहली बार 2016 में हुआ था भूमिपूजन

पार्टी सूत्रों के अनुसार पूर्व जिलाध्यक्ष रघुनाथ सिंह भाटी के कार्यकाल के दौरान इंदौर-भोपाल हाईवे के पास 10 हजार स्क्वायर फीट जमीन 48 लाख रुपये में खरीदी गई थी, जिसका साल 2016 में भूमिपूजन हुआ था। पूर्व में पार्टी के पास 40 लाख रुपये की राशि उपलब्ध होने की बात भी सामने आई थी, लेकिन किन्हीं कारणों से भव्य भवन का सपना अधूरा ही रहा। अब नए सिरे से इछावर रोड पर कार्यालय की नींव रखी जा रही है।

**अगले साल इसी दिन होगा लोकार्पण :** प्रदेश भाजपा की योजना के अनुसार निर्माण कार्य एक साल के भीतर पूरा किया जाएगा। भूमिपूजन के साथ ही लोकार्पण की तारीख भी तय कर दी गई है। 6 अप्रैल 2027 को इन सभी कार्यालयों का एक साथ लोकार्पण किया जाएगा। तैयारियों को लेकर बुधवार को ही प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने वर्चुअल बैठक कर सीहोर जिला प्रभारी और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। अब देखना यह है कि इछावर रोड पर होने वाला यह भूमिपूजन कार्यकर्ताओं के अपने स्थाई कार्यालय के इंतजार को कितनी जल्दी खत्म करता है।

### कैसा होगा नया हाईटेक कार्यालय

लागत: अनुमानित 1.5 से 2.5 करोड़ रुपये।
सुविधाएं: जिलाध्यक्ष और सभी मोर्चा अध्यक्षों के लिए अलग चेंबर, मीटिंग हॉल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम और कंप्यूटर रूम।
गेस्टहाउस: पदाधिकारियों के लिए दो कमरों का गेस्टहाउस भी बनाया जाएगा।
इलेक्शन वार रूम: आगामी स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों के प्रबंधन के लिए इसे पूरी तरह हाईटेक बनाया जाएगा।

### फिलहाल किराए के भवन का सहारा

भाजपा के पास निजी भवन नहीं होने की वजह से किराए के भवन में कार्यालय संचालित हो रहा है, हालांकि जिलाध्यक्ष बदलने के साथ ही भाजपा कार्यालय का ठिकाना भी बदल जाता है। पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के कार्यकाल में यह कार्यालय क्रिसेंट चौराहा के पास था, जबकि अब वर्तमान जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के कार्यकाल में यह कार्यालय बस स्टैंड के समीप है। एक और खास बात यह है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के पास स्वयं का कार्यालय बस स्टैंड पर मौजूद हैं।

**बेमौसम बारिश से खेतों में कटी पड़ी व खड़ी फसल को नुकसान, किसानों ने भीगी हुई फसल लेकर किया प्रदर्शन**

# ओलावृष्टि और बारिश से उजड़ी फसल, खरीदी नहीं हुई शुरू, उपज भीगने पर किसानों का छलका दर्द

किसानों बोले: गांव में हर घर के बाहर गेहूं के ढेर पड़े हैं, जो अब धीरे-धीरे सड़ने लगे हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू न होने के कारण किसान उपज बेच नहीं पा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिले के ग्राम चंदेरी सहित आसपास के कई गांवों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की जिंदगी को गहरे संकट में डाल दिया है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जहां ओलों की मार से धराशायी हो गई, वहीं कटकर रखी फसल भी बारिश में भीगकर पूरी तरह खराब हो गई। किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में अनेक गांवों के किसानों का गुस्सा फूट गया और उन्होंने जमकर नारेबाजी की।

किसानों का कहना है कि गांव में हर घर के बाहर गेहूं के ढेर पड़े हैं, जो अब धीरे-धीरे सड़ने लगे हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू न होने के कारण किसान अपनी उपज बेच नहीं पा रहे हैं। घरों में जगह नहीं होने से मजबूरी में खुले आसमान के नीचे रखा अनाज बारिश की हर बूंद के साथ बर्बादी की कहानी लिख रहा है। इसी पीड़ा ने किसानों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया। चंदेरी में किसानों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द खरीदी शुरू करने और मुआवजा देने की मांग की। किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि चंदेरी, रामाखेड़ी सहित कई गांवों में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने मांग की कि आरबीसी 4 के तहत तत्काल सर्वे कराकर किसानों को राहत राशि दी जाए और बीमा क्लेम भी जल्द दिलाया जाए। उनका कहना है कि यदि समय पर मदद नहीं मिली तो किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे।

### कर्ज और बिजली बिल ने बढ़ाई चिंता

किसानों की परेशानी केवल फसल तक सीमित नहीं है। कई किसान बैंक के कर्ज में डूबे हुए हैं। बिजली के बकाया बिलों का दबाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है। कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि वसूली के नाम पर उनके ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल तक उठाए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब फसल ही नहीं बिकी, तो किसान कर्ज और बिल कैसे चुकाएंगे। ग्राम चंदेरी के किसान बाबूलाल मेवाड़ा ने बताया कि उनकी कटी हुई गेहूं की फसल खेतों में ही बर्बाद हो गई। वे बेहद दुखी और परेशान हैं। वहीं किसान मुकेश कुशवाहा, जिनके पास 8 एकड़ जमीन है, ने बताया कि उनका गेहूं घर के बाहर पड़ा-पड़ा बारिश में भीग गया। घर में जगह नहीं थी और खरीदी शुरू नहीं होने से वे कुछ कर भी नहीं सके।

### शादी और कर्ज की चिंता में डूबा किसान

शिवचरण मेवाड़ा ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि उन्होंने बड़ी मेहनत से गेहूं की फसल काटी थी, लेकिन अब वह भी खराब हो गई। उनके ऊपर करीब 4 लाख रुपये का बैंक कर्ज है और परिवार में शादी भी तय है। उन्होंने कहा कि ₹कैसे कर्ज चुकाऊंगा, कैसे शादी करूंगा, समझ नहीं आ रहा, मैं पूरी तरह टूट चुका हूं।

## शा.उ.मा.वि. पिलवास में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव



**नलखेड़ा।** विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शा.उ.मा.वि. पिलवास में शैक्षणिक सत्र 2026 - 27 का प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में आने वाले नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा और विशेष मध्यान भोजन खिलाकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य अर्जुन सिंह राजपूत ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पात्र विद्यार्थियों को शासन की योजना अंतर्गत नई किताबों का वितरण भी किया गया। प्राचार्य श्री राजपूत ने कहा कि इस शैक्षणिक सत्र में हमारा विशेष जोर डिजिटल प्रवेश उत्सव और घर-घर सर्वे के माध्यम से हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने पर रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण भी उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल बड़ागांव व धरोला का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 अंतर्गत भाजपा मंडल बड़ागाँव व धरोला का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। स्थानीय भैसोदा रोड़ स्थित चौधरी गार्डन में भाजपा मंडल बड़ागाँव व धरोला का संयुक्त रूप से प्रशिक्षण वर्ग गुरुवार को प्रारम्भ हुआ था जिसका शुक्रवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान कर केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजना की जानकारी प्रदान की गई तथा सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वह शासन की इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को इसका लाभ मिले इसके लिए कार्य करें। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल आठ सत्र सम्पन्न हुवे। प्रत्येक सत्र में अलग अलग वक्ताओं ने अलग अलग विषय पर अपने उद्बोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। भाजपा मंडल बड़ागाँव अध्यक्ष दरबार सिंह एवं धरोला मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह चंद्रावत ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के आठ सत्रों में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय,जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा,पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, जिला महामंत्री मंयक राजपूत,किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरिनारायण यादव, जिला महामंत्री सूरजसिंह परिहार एवं जिला मंत्री प्रेम यादव द्वारा अलग अलग विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। वर्ग का समापन शुक्रवार को राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## जयकारों से गुंजायमान हुए देवालय, आस्था और उल्लास के साथ मनाई गई हनुमान जयंती



**सीहोर।** संकटमोचन भगवान हनुमान की जयंती का पर्व गुरुवारको पूरे जिले में अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में घंटियों की गूंज और जय श्री राम के जयकारों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। शहर के मण्डी क्षेत्र, गंज और सीवन नदी के तट पर स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। बता दें हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न चौराहों और मंदिरों के बाहर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। मण्डी और गंज क्षेत्र में विशेष रूप से भव्य आयोजन हुए, जहां श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। शाम होते-होते पूरा शहर केसरी ध्वजों से पट गया और जगह-जगह सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ गूंजते रहे।

**प्राचीन मंदिरों की महिमा है निराली :** जिले में स्थित कई ऐसे ऐतिहासिक मंदिर हैं, जहां विशेष अभिषेक और चोला अर्पण किया गया। सीवन नदी के तट पर स्थित इस मंदिर का इतिहास मराठा काल से जुड़ा है। यहां हनुमान जी की 9 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा विराजमान है। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां हनुमान जी की दृष्टि सीधे भगवान राम के चरणों पर पड़ती है। यहां प्रति मंगलवार और शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, हनुमान जयंती के अवसर पर सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला बना रहा।

### खड़े हनुमान पर भी उमड़े श्रद्धालु

इसी तरह रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित खड़े हनुमान मंदिर में भक्तों का विशेष जमावड़ा रहा। 1947 में किसान नन्नूलाल कुशवाह द्वारा कुएं की खुदाई के दौरान प्रकट हुई यह प्रतिमा युद्ध मुद्रा में है। यहां हनुमान जी एक हाथ में गदा और दूसरे में संजीवनी पर्वत लिए हुए हैं।

### मठ मंदिर पर गूंजे जयकारे

इसी तरह सीवन नदी के दूसरे छोर पर स्थित करीब 267 साल पुराने मठ मंदिर में भी जयंती का विशेष आयोजन हुआ। सिद्ध नरहरि दास महाराज की तपोभूमि रहे इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां आज भी सूक्ष्म रूप में भजन-कीर्तन की ध्वनियां सुनाई देती हैं। यहां 5 से 7 मंगलवार दर्शन की विशेष परंपरा है। बता दें हनुमान जयंती के अवसर पर सभी प्रमुख मंदिरों में विशेष श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद प्रसादी वितरण का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

**भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन**

# बूथ प्रबंधन से लेकर सोशल मीडिया तक का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा








प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 अंतर्गत भाजपा मंडल नलखेड़ा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का गुरुवार को समापन हुआ। गुरुवार को कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन से लेकर सोशल मीडिया तक का प्रशिक्षण दिया गया। भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन गुरुवार को प्रथम सत्र में बड़ागाँव नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष उदयसिंह यादव द्वारा कार्य पद्धति विषय पर सार गर्भित उद्बोधन के माध्यम से बताया गया। द्वितीय सत्र में जिला महामंत्री सूरजसिंह परिहार द्वारा सोशल मीडिया,एआई,नमो एप एवं संगठन एप के सम्बंध में बताते हुवे वर्तमान में इनकी महत्ता को बताया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सोशल मीडिया प्रचार प्रसार का एक महत्वपूर्ण एवं सशक्त माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से पार्टी की रीति नीति व कार्य आमजन तक पहुंचाया जा सकता है। संगठन एप व नमो एप संगठन की गतिविधियों की जानकारी के लिए अनिवार्य हो चुके है। तृतीय सत्र में जिला मंत्री प्रेम यादव द्वारा जहाँ बूथ प्रबंधन के गुर सिखाए गए। उन्होंने कहा कि बूथ जीते तो चुनाव जीते। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के सम्बंध में बताया कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम सामाजिक चेतना का माध्यम बन चुका है। इस कार्यक्रम को अधिक से अधिक सुना जाना चाहिए। समापन सत्र में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा ने अपने उद्बोधन में वर्ग का वृत्त रखा गया। सम्पूर्ण वर्ग के सभी सत्रों का संचालन मंडल महामंत्री शिवम नागर ने किया एवं आभार महामंत्री बिरमलाल मालवीय द्वारा व्यक्त किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के अंत मे राष्ट्रगान के साथ वर्ग का समापन हुआ।

## खबर संक्षेप

### पांच जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चापडा।** कमलापुर पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को कमलापुर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने जुआ खेलते हुए आरोपियों को गिरफतार किया। मीणा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गोपाल जाट ग्राम सामगी के खेत पर दबिश देकर पांच लोगो को ताश पत्तों के साथ रूपए पैसे की हारजीत खेलते हुए पकड़ा और उनके कब्जे से कुल नगदी 21600 हजार, 52 ताश पत्ते,7 मोबाइल व दो मोटर साइकिल सहित कुल मशरुका 2 लाख 50 हजार का जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया।

### लगातार दूसरी बार नगीना टीम ने जीता फाइनल मैच

**चापड़ा।** नगर में नगीना क्रिकेट क्लब चापडा के तत्वाधान ने 12 दिवसीय रात्रि कालीन टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगातार दूसरी बार नगीना क्रिकेट क्लब चापड़ा ने फाइनल जीता। नगर के नेमावर रोड पर स्थित बीएसएनएल टावर के पीछे रात्रि कालीन टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के गांव से 30 से अधिक टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला नगीना क्रिकेट क्लब चापडा एवं कृष्णा क्रिकेट क्लब चापड़ा के बीच 8 ओवर का हुआ, रोमांचक मुकाबले में कृष्णा क्लब ने 8 ओवर में 63 रन बनाए थे जवाब में नगीना क्रिकेट क्लब ने भी 63 रन बनाकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अंपायर द्वारा सुपर ओवर कराया गया। जिसमें नगीना क्लब के कप्तान रोहन वैष्णव द्वारा एक ओवर में 34 रन बनाए। मुकाबले के दौरान जवाब में कृष्णा टीम मात्र तीन रन बना पाई। फाइनल मुकाबला जीतने वाली नगीना टीम के कप्तान रोहन वैष्णव को 21 हजार नगद ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम के कप्तान सुनील यादव को 11 हजार नगद व ट्रॉफी पुरूस्कार के रूप में तेजसिंह सेंधव, संजय सूर्य की उपस्थिति में दी गई।

अमलतास विश्वविद्यालय में "दीक्षांत समारोह" का हुआ आयोजन, 300 से अधिक छात्रों को दी गई उपाधि

# अमलतास मेडिकल कॉलेज की बड़ी उपलब्धि: 1000 से अधिक डॉक्टर तैयार, 2016 से प्रगति की नई मिसाल





एमबीबीएस, एमडी, एमएस सहित अन्य पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं स्नाकोत्तर छात्रों दी गई उपाधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमलतास विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्वविद्यालय का वार्षिक 'दीक्षांत समारोह' सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश जगदीश देवड़ा, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग अध्यक्ष डॉ. खेम सिंह डेहरिया , देवास विधायक गायत्री राजे पंवार, हाटपिपलिया विधायक मनोज चौधरी, जिला अध्यक्ष भाजपा रायसिंह सेंधव, राजेश यादव, अमलतास ग्रुप के संस्थापक सुरेश सिंह भदौरिया, चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया, विश्वविद्यालय प्रो. चांसलर डॉ. सलिल भार्गव, बांगर सरपंच दिलीप जाट, एवं समस्त विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता , प्राचार्य अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रुप पदाधिकारी, डॉक्टर, कर्मचारी, विद्यार्थी और अभिभावक शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विशेष शुभकामनाएं और बधाई दी और कहा कि कहा कि अमलतास विश्वविद्यालय के इस दीक्षांत समारोह में आकर में गौरांवित महसूस कर रहा हूं। आज आप जीवन के दूसरे पड़ाव पर पहुंच गए है। यहां से आपको बेहतर स्वास्थ्य सेवा देना का संकल्प लेकर जाना है और समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाना है।

### अमलतास ने 2016 से की निरन्तर प्रगति

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमलतास मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ वर्ष 2016 में हुआ तब से आज तक दिन-ब-दिन यह लगातार चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयां प्राप्त कर रहा है। अब तक यहां 01 हजार से अधिक एमबीबीएस डॉक्टर बने है। इसके साथ ही बीएचएमएस, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टॉफ सहित अन्य चिकित्सा क्षेत्र की पढ़ाई के विद्यार्थियों ने चिकित्सा के क्षेत्र में आगे कदम बढ़ाया है। अब यह विश्वविद्यालय हो गया है। इस अमतलास विश्वविद्यालय के शुरू होने से इसका नाम पूरे प्रदेश में हो रहा है। यहां पर अन्य जिलों के विद्यार्थी भी पढ़ाई करने आ रहे हैं। यहां पर पढ़ने वालों विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यहां चिकित्सा के साथ समाज सेवा का भी कार्य किया जा रहा है। यहां सेवा, समर्पण और विश्वास के साथ कार्य किया जा रहा है। यहां पर इंदौर के नागरिक भी उपचार कराने के लिए आ रहे हैं। आज इस दीक्षांत समारोह में पीजी की डिग्री लेने वाले, ग्रेज्एशन की डिग्री लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं तथा आपके उज्वल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि आप स्वास्थ्य सेवा देना- मानव सेवा का सबसे बड़ा धर्म है और आप अच्छे से मरीजों का उपचार करें। आपके पढ़ाने में आपके माता-पिता ने बहुत संकट झेला है, अब आपको और अच्छा करके दिखाना है। इसके लिए उन्होंने फाउंडर चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया और चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया को धन्यवाद दिया।

### माता-पिता के लिए गौरव का क्षण

कार्यक्रम को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस दीक्षांत समारोह में आकर बहुत हर्ष और गर्व हो रहा है। मैं इन सभी विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे यह देखने में आ रहा है कि यहां पर विद्यार्थियों में उत्साह तो है साथ ही उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक आएं हैं। आज उन माता-पिता के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि उनके बेटा-बेटी डॉक्टर बन गए हैं और आज से वे जीवन के उच्च मुकाम के लिए आगे बढ़ने जा रहे हैं। समारोह को संबोधित करते हुए देवास विधायक गायत्री राजे पवार जी ने विश्वविद्यालय और अस्पताल के सेवा कार्यों की सराहना की।उन्होंने सभी उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओं को उनके सफल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जनहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। समारोह में उपस्थित हाटपिपलिया विधायक मनोज चौधरी ने सभी स्नातक छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, अमलतास जैसी प्रतिष्ठित संस्था से आपने जो उच्च स्तरीय शिक्षा अर्जित की है, वह केवल आपके करियर के लिए नहीं, बल्कि समाज के उत्थान के लिए है। अब यह आपका कर्तव्य है कि इस ज्ञान को जन-जन तक पहुँचाएँ और अपनी सेवा के माध्यम से देश का नाम रोशन करें।

### 300 से अधिक छात्रों को दी उपाधियां

इस समारोह में 300 से अधिक विद्यार्थियों एमबीबीएस ,एमडी ,एमएस , एमसीएच नर्सिंग एवं बीएससी नर्सिंग , और बीपीटी को स्नातक एवं स्नाकोत्तर छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियाँ ,पूर्णतः प्रमाण पत्र एवं स्वर्ण पदक दिए गए। साथ ही अमलतास विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. शरदचंद्र वानखेड़े एवं कुलसचिव संजय रामबोले द्वारा सभी अतिथियों की उपस्थिति में राय सिंह सेंधव जिला अध्यक्ष देवास को सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु एवं रिटायर्ड आई. ए. एस. ऑफिसर( भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी) राकेश सिंह को प्रशासनिक कार्यों में उल्लेखनीय कार्य हेतु ₹डी. लिटर₹ की मानक उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में अमलतास ग्रुप द्वारा बनाई गई डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई।





# विकराल तूफान का कहर: आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, किसानों की फसलें हो गई बर्बाद





हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

गुरुवार देर रात अचानक बदले मौसम ने विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा और आंधी-तूफान ने पूरे क्षेत्र में भारी तबाही मचाते हुए जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा, जिनकी मेहनत पर पानी फिर गया। खेतों में तैयार खड़ी लहसुन और प्याज की फसल तेज हवाओं और बारिश की मार से पूरी तरह चौपट हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। तेज आंधी इतनी भयंकर थी कि कई बड़े-बड़े पेड़ जड़ से उखड़कर धराशायी हो गए। वहीं कई मकानों और दुकानों के टीन शेड हवा के साथ उड़ते हुए आसमान में नजर आए। हालात इतने भयावह थे कि बाद में जब इन टीन शेड की तलाश की गई तो वे एक से दो किलोमीटर दूर खेतों में गिरे हुए मिले। यह तबाही यहीं नहीं थमी। कांटाफोड़ थाना परिसर में लगा एक विशाल पेड़ तेज हवा के कारण टूटकर बिजली के खंभे पर गिर गया, जिससे तत्काल शॉर्ट सर्किट हो गया। इस हादसे में थाना परिसर में खड़ी एसआई विनयसिंह बघेल की टाटा नेक्सोन कार भी पेड़ की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शॉर्ट सर्किट से थाने के कई महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खराब हो गए, जिससे थाने के दैनिक और आवश्यक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो गई। अचानक आई इस आपदा ने प्रशासन और आमजन दोनों के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की तेज आंधी-तूफान ने लंबे समय बाद इतना भयावह रूप देखा है। अब सभी की नजरें प्रशासन की ओर हैं कि प्रभावित किसानों और नुकसान झेलने वाले लोगों को जल्द से जल्द राहत और सहायता प्रदान की जाए।

### हनुमान प्रगट उत्सव पर भक्ति की गूंज, मंदिरों हुए भंडारे

**कांटाफोड़।** नुमान प्रगट उत्सव के पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। विभिन्न हनुमान मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन, आकर्षक श्रृंगार, भव्य महाआरती एवं विशाल भंडारों का आयोजन किया। जिसमें हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल धावड़ीपुरा सरकार, बेकलियां सरकार, मालाखरड़ सरकार, श्रीरामपुरा एवं खेड़ापति सरकार सहित अनेक मंदिरों में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। भक्तजन दूर-दूर से पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। मंदिर परिसरों को रंग-बिरंगी रोशनी, फूल-मालाओं व आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया। जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय मग्न हो गया। दिनभर भजन-कीर्तन, रामधुन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन चलता रहा, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

# सांदीपनी विद्यालय बागली में प्रवेश उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 को शासकीय सांदीपनी विद्यालय बागली में प्रवेश उत्सव भव्य आयोजन के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी एवं पुराने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय प्राचार्य प्रकाश डाबी एवं स्टाफ द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रिया भानपुरिया, जनपद शिक्षा केंद्र के कय्यूम खान, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी, सूर्य प्रकाश गुप्ता, सोनिया वर्मा, प्रफुल्ल त्रिवेदी सहित जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे। नए और पुराने विद्यार्थियों का मंगल तिलक एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में रंग भर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही प्रतिभाशाली और मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया । विद्यालय ने इस नए सत्र में 1800 से अधिक विद्यार्थियों के प्रवेश का लक्ष्य निर्धारित किया है।

नशे के कारोबार पर पुलिस का शिकंजा, संगठित गिरोहों पर सख्ती के निर्देश

# एसपी का साफ संदेश: जीरो टॉलरेंस, हर स्तर पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है। शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय आसूचना संकलन बैठक में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के साथ-साथ उनके पीछे सक्रिय संगठित गिरोहों की भी पहचान कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### पूरे नेटवर्क पर कार्रवाई हो

बैठक में आसूचना तंत्र से जुड़े पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। एसपी ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल छोटे विक्रेताओं तक सीमित न रहकर पूरे नेटवर्क पर होनी चाहिए। इसके लिए मादक पदार्थों की सप्लाई चेन, वितरण प्रणाली और वित्तीय स्त्रोतों की गहन जांच कर मुख्य आरोपियों तक पहुंचने पर जोर दिया गया। उन्होंने दो टूक कहा कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और इस दिशा में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार अभियान चलाया जाएगा।

### संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ेगी निगरानी

बैठक में संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर, चेकिंग और खुफिया तंत्र मजबूत करने के निर्देश दिए गए। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्व सक्रिय हो सकते हैं, ऐसे में पुलिस का अलर्ट रहना जरूरी है। आसूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने, मुखबिर नेटवर्क को सक्रिय रखने और हर सूचना पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। एसपी पुनीत गेहलोद ने कहा कि “अवैध मादक पदार्थों का कारोबार समाज के लिए गंभीर खतरा है। जिले में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।”

## 1 मई से आयोजित होगा सात दिवसीय प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर के नेमावर रोड पर स्थित प्राचीन गणेशजी के मंदिर पर नवीन गणेश परिवार प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम आयोजित होना है, जिसको लेकर शुभ मुहूर्त पर भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना की गई। जानकारी अनुसार 1 मई से सात दिवसीय गणेश परिवार प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसको लेकर गुरुवार के दिन यज्ञाचार्य ऋषिराज शर्मा,अरूण शर्मा द्वारा भूमि पूजन कर ध्वज स्थापना की गई।

इस दौरान नगर में चल समारोह भी निकल गए। सात दिवसीय महायज्ञ एवं कथा का आयोजन होगा। इस दौरान सरपंच नाथूसिंह सेंधव, बृजमोहन यादव, धर्मेन्द्र सिंह सेंधव, जगन्नाथ यादव, गणेश पटेल, विकास त्रिवेदी, रवि पाटीदार, अरूण वैष्णव सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली से 15 वर्षीय किशोर की मौत

**ललितपुर।** जनपद में गुरुवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान और बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदय विदारक घटना बार थाना क्षेत्र के ग्राम जरावली की है, जहां पूरा परिवार इस हादसे के बाद गहरे सदमे में है। मृतक की पहचान प्रसन्न के पुत्र अभिराज के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ खेत पर बने मकान में रह रहा था। गुरुवार रात करीब डेढ़ बजे अचानक मौसम खराब हो गया और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान अभिराज अपने पिता और दो बहनों के साथ घर के बाहर रखा सामान समेटने के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि इसी बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से अभिराज गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम कराए शव को गांव ले आए। शुक्रवार सुबह परिजनों ने गमगीन माहौल में अभिराज का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के चाचा ध्यानी प्रजापति ने बताया कि अभिराज अपने परिवार का इकलौता बेटा था और पढ़ाई भी कर रहा था। उसकी अचानक मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी इस घटना के बाद शोक की लहर है। प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गई है कि खराब मौसम और आंधी-तूफान के दौरान खुले स्थानों पर न जाएं और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

### ई-विकास पोर्टल पुनः प्रारंभ, उर्वरक के लिए टोकन अनिवार्य

**विदिशा।** किसानों की सुविधा के लिए जिले में खाद वितरण की नई व्यवस्था लागू है। अब किसान अपनी फार्मर आईडी में दर्ज रकबे एवं चयनित फसल के अनुसार 'ई-विकास पोर्टल' से टोकन प्राप्त कर चयनित केंद्र से उर्वरक उठाव कर सकेंगे। तकनीकी कारणों से चार दिन बंद रहने के बाद पोर्टल 1 अप्रैल से पुनः शुरू हो गया है। बिना पंजीयन ऑफलाइन उर्वरक नहीं मिलेगा। भारत सरकार के 'एग्री स्टेक' पोर्टल पर फार्मर आईडी बनवाना और भूमि रकबा दर्ज कराना अनिवार्य है। जिन किसानों ने आईडी नहीं बनवाई या रकबा अपडेट नहीं कराया है, वे शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण करें।

### रुसल्ली ग्राम पंचायत को एफटीके प्रदाय किया

**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुपम गहोई के निर्देशन में नल जल योजना के लीकेज सुधार कार्य एवं एफटीके के माध्यम से जल परीक्षण और प्रशिक्षण एवं वितरण का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड विदिशा के ग्राम रुसल्ली में पेयजल स्त्रोत का निरीक्षण किया गया एवं पंचायत को एफटीके प्रदाय की गई।

### राष्ट्रीय सेलिंग कैंप में प्रार्थना भोई का चयन

**विदिशा।** जिला खेल परिसर स्टेडियम की खिलाड़ी कु. प्रार्थना भोई ने वाटर स्पोर्ट्स (सेलिंग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने 18 से 21 मार्च तक गोवा में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। वर्तमान में वे वाटर स्पोर्ट्स अकादमी भोपाल में प्रशिक्षण ले रही हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन 3 अप्रैल से गोवा में होने वाले राष्ट्रीय सेलिंग टीम प्रशिक्षण कैंप के लिए हुआ है।

### राज्य स्तरीय पदक विजेताओं से खेलवृत्ति आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु जिले के पदक विजेता खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। स्वर्ण पदक पर 10 हजार, रजत पर 8 हजार एवं कांस्य पर 6 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

---

### हनुमान जन्मोत्सव पर जवारों का पूजन किया गया

# मां अंजनी धाम मेला महोत्सव में आस्था का सैलाब उमड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महरौनी (ललितपुर)




बुंदेलखंड की पावन धरा पर स्थित श्री 1008 मां अंजनी धाम में आयोजित मेला महोत्सव 2026 में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिल रहा है। मेला महोत्सव के दूसरे दिन हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां अंजनी के दरबार में पहुंचकर जवारों का पूजन कर आस्था प्रकट की। सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। दूर-दराज से आए भक्तों ने मां अंजनी के दरबार में जवारे विसर्जित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस दौरान श्रद्धालु बुंदेली राई, सैरा और भजन-कीर्तन करते हुए भक्ति में लीन नजर आए। रात्रिकालीन समय में आसपास के गांवों से हनुमानजी की आकर्षक झांकियां भी मां अंजनी धाम पहुंचीं, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मेले में लगे झूले, सर्कस और दुकानों पर भी देर रात तक भीड़ उमड़ी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। हालांकि मेले के दौरान कुछ मनचलों द्वारा उत्पात मचाने की घटनाएं भी सामने आईं, जिस पर मेला चौकी प्रभारी ने सख्ती दिखाते हुए ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। महरौनी तहसील के ग्राम कुम्हेड़ी में मां अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित यह पारंपरिक मेला 1 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक चलेगा। मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेला महोत्सव के दौरान रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ-साथ मनोरंजन का भी अवसर मिल रहा है। मेले में झूले, विभिन्न प्रकार की दुकानें, पशु मेला, पार्किंग, पेयजल, विद्युत एवं अग्निशमन जैसी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रमुख केन्द्र है, बल्कि बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत प्रतीक भी है, जहां श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।

## श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

### स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान ने श्रद्धालुओं को प्रसाद में लस्सी दी



**ललितपुर।** स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान द्वारा विगत वर्ष की भांति युग इस वर्ष की हनुमान जन्मोत्सव पर श्रीश्री 1008 श्री मुरलीधर मंदिर रावरपुरा पर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को लस्सी प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत में सर्वप्रथम स्वर्णकार बंधुओ ने हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना की। उसके पश्चात शोभायात्रा दौरान रथों पर सवार भगवान राम सीता लक्ष्मणजी की आरती की। शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं को ठंडी-ठंडी लस्सी का वितरण किया। इस दौरान मथुरा प्रसाद सोनी, नवल किशोर सोनी, देवेंद्र कौशल, अजय सोनी, सुशील जडिया, मुरारी सोनी, महेश सोनी, वीरेंद्र सोनी, कृष्णकांत सोनी, पंकज सोनी, राजेश सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, बृजेश सोनी, दीपक सोनी, कमलकांत सोनी, रामकिशोर सोनी, रामबाबू सोनी, अंकित सोनी, गुडडे सोनी, अभिषेक सोनी, राकेश सोनी, राधाबल्लभ सोनी, मुकेश सोनी, आशुतोष सोनी, देवेश सोनी, अभिषेक सोनी, दर्शराज सोनी, अभी सोनी आदि सभी मौजूद रहे।

## श्रीहनुमान जयंती पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही, डीएम व एसपी ने किया शहर का भ्रमण



ललितपुर। श्रीहनुमान जयंती के पावन अवसर पर जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने शहर के विभिन्न पूजा स्थलों एवं शोभायात्रा मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने भ्रमण के दौरान प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों एवं शोभायात्रा के मार्गों पर तैनात पुलिस बल की मुस्तैदी का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और हर गतिविधि पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखें और प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने सभी जनपदवासियों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं भी दीं। प्रशासन की सक्रियता के चलते पूरे जनपद में हनुमान जयंती का पर्व शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

---

### पुलिस की कार्रवाई

## पत्नी की हत्या का आरोपी पति 24 घंटे में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना मड़ावरा पुलिस ने पत्नी की हत्या कर शव जलाने वाले आरोपी पति को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, थाना मड़ावरा क्षेत्र के जंगल में एक अज्ञात महिला का जला हुआ शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस और अधिकारियों ने जांच शुरू की, जिसमें मृतका की पहचान आरती (उम्र करीब 25 वर्ष), निवासी ग्राम सौल्दा, थाना मदनपुर के रूप में हुई। मृतका के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मड़ावरा के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया। सर्विलांस और मैनुअल जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति रामगोपाल सहरिया (33 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी का किसी अन्य व्यक्ति से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिससे वह नाराज था। इसी बात को लेकर उसने 1 अप्रैल को पत्नी को इलाज के बहाने सौरई ले जाकर जंगल में विवाद के दौरान उसे जमीन पर पटक दिया और गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में सबूत मिटाने के लिए शव को जला दिया। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी ने थाने में झूठी सूचना दी थी कि उसकी पत्नी को कोई अन्य व्यक्ति अपने साथ ले गया है। हालांकि जांच के दौरान सच्चाई सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक वर्मा एवं उनकी टीम शामिल रही।

## शराब पीने से मना करने पर युवक को पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रोडा में शराब पीने से मना करने पर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रोडा निवासी महिला मि_न ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मार्च की रात करीब 8 बजे उनका पुत्र अमर अपने नए घर से पुराने घर जा रहा था। रास्ते में रविदास मंदिर के सामने आरोपी राजेन्द्र ने उससे शराब पीने के लिए कहा, लेकिन अमर द्वारा मना करने पर आरोपी भड़क गया। आरोप है कि इसके बाद राजेन्द्र ने अपने भाई सोहन और पिता सुरेन्द्र के साथ मिलकर अमर के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने युवक को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। वर्तमान में उसका उपचार जारी है। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएनएस में मामला दर्ज किया है।

---

### जाखलौन के नौजवान ने रचा इतिहास

## दृढ़ संकल्प के बल पर शुभम सिंघई बने कमर्शियल पायलट, उड़ाएंगे ए320 विमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जाखलौन कस्बे के होनहार शुभम सिंघई ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर कमर्शियल पायलट बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। शुभम सिंघई ने विमानन क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्था डीजीसीए की सभी आवश्यक परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कीं। इसके साथ ही उन्होंने नेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी से अपनी फ्लाइंग ट्रेनिंग पूरी की और सीएई ऑक्सफोर्ड से एयरबस ए320 विमान की टाइप रेटिंग हासिल कर महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की।

अब वह देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो में फर्स्ट ऑफिसर के पद पर नियुक्त होकर ए320 जैसे आधुनिक विमान का संचालन करेंगे। शुभम, स्व.विरधी चंद्र सिंघई के भतीजे एवं सुनील कुमार सिंघई के सुपुत्र हैं। उनकी इस सफलता में आध्यात्मिक गुरुओं आचार्य विद्यासागरजी महाराज एवं सुधासागर महाराज जी का विशेष आशीर्वाद रहा। शुभम ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, विशेष रूप से चाचा प्रवीण सिंघई और अपनी पत्नी के सहयोग को दिया है। शुभम की प्रारंभिक शिक्षा जाखलौन स्थित सेठ श्रीशिव प्रसाद जैन शिशु मंदिर से हुई। इसके बाद उन्होंने जयपुर एवं ललितपुर के एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने सागर केन्द्रीय विश्वविद्यालय से क्रिमिनोलॉजी एवं फॉरेंसिक साइंस में स्नातक की डिग्री हासिल की। अपनी सफलता पर शुभम सिंघई ने कहा कि वह भविष्य में जिले के युवाओं को एविएशन क्षेत्र में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करना चाहते हैं।

### जिला अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीज की मदद की

## युवा अधिवक्ता ने रक्तदान कर बचाई मरीज की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में मानवता और सेवा भाव की एक प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई, जब स्थानीय युवा अधिवक्ता अनुराग लोधी ने एक जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान कर समाज के सामने मिसाल पेश की। जिला अस्पताल में भर्ती एक गंभीर मरीज को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी।

इस संबंध में जैसे ही सूचना अधिवक्ता अनुराग लोधी तक पहुंची, उन्होंने बिना देर किए अपने न्यायालयीन कार्यों को बीच में छोड़कर सीधे ब्लड बैंक पहुंचने का निर्णय लिया। वहां पहुंचकर उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के रक्तदान कर मरीज की जीवन रक्षा में अहम योगदान दिया। अधिवक्ता अनुराग लोधी का यह निस्वार्थ कदम न केवल पीड़ित परिवार के लिए संजीवनी साबित हुआ, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बन गया है। स्थानीय लोगों ने उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसे संवेदनशील और जिम्मेदार युवाओं की समाज को अत्यंत आवश्यकता है, जो अपने पेशेवर दायित्वों के साथ-साथ मानवीय कर्तव्यों को भी प्राथमिकता दें। रक्तदान के उपरांत ब्लड बैंक की स्वास्थ्य टीम और कर्मचारियों ने अनुराग लोधी के इस योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने आमजन, विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान करें, क्योंकि आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान बन सकता है। यह सराहनीय पहल समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करने का संदेश देती है।

---

### सदनशाह बाबा के उर्स में उमड़ा आस्था का सैलाब, 108वां सालाना उर्स मनाया जा रहा

# मुज्तबा नाजा ने हसन-हुसैन की शान में पढ़ी मनकवत, थिरके जायरीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कौमी एकता और रूहानियत के मरकज हजरत बाबा सदनशाह रहमतुल्लाह अलैह का 108वां सालाना उर्स पूरी अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ मनाया जा रहा है। उर्स के तीसरे दिन की महफिल सूफियाना कलामों के नाम रही। जहां मखमली चादरों का सिलसिला आस्ताने पर जारी रहा, वहीं रात भर चली कव्वाली ने अकीदतमंदों के दिलों को रूहानी सुकून से भर दिया। मशहूर अंतरराष्ट्रीय कव्वाल मुज्तबा अजीज नाजा ने अपनी बुलंद आवाज और रूहानी फन से पूरी रात समां बांधे रखा। उर्स कमेटी के सदर हाजी बाबू बदरुद्दीन कुरैशी ने मेहमान कव्वालों की दस्तारबंदी कर उनका इस्तकबाल किया।

शहजादा-ए-गुलिस्तां-ए-नबीः हसन और हुसैन की शान में मनकवत महफिल का सबसे भावुक और रूहानी पल वह था, जब मुज्तबा अजीज नाजा ने मौला अली के लाडलों और जन्नत के जवानों के सरदार इमाम हसन और इमाम हुसैन की शान में मनकवत पेश की। कव्वाल ने जब अपनी बुलंद आवाज में पंजतन पाक का जिक्र किया, तो पूरा दरगाह परिसर 'या हुसैन' के नारों से गूंज उठा। उन्होंने पढ़ा नबी के लाडले, जहरा के चैन हैं हसन और हुसैन, दीन-ए-मोहम्मद की असली आन और शान हैं हसन और हुसैन। सजदे में नवासा है तो सजदा भी लंबा है, खुदा के अर्श की जीनत और पहचान हैं हसन और हुसैन। मुज्तबा ने कर्बला की कुर्बानी और हजरत इमाम हुसैन की हकगोई का जिक्र करते हुए आगे पढ़ा कत्ल-ए-हुसैन असल में मर्ग-ए-यजीद है, इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद। हम्द, नात और सदनशाह बाबा का मर्तबा। इससे पूर्व कार्यक्रम का आगाज करते हुए मुज्तबा नाजा ने खुदा की बारगाह में हम्द पेश की। तेरी रहमतों का दरिया हर सू बह रहा है, हर जर्रा कायनात का या रब्ब कह रहा है। तदोपरांत, नबी-ए-करीम की शान में नात-ए-पाक पेश करते हुए उन्होंने समां बांध दिया। वो जो न होते तो कुछ न होता, वो नूर-ए-मुजस्सम आए हैं, अल्लाह की जानिब से रहमत बन कर रसूल-ए-आजम आए हैं। हजरत बाबा सदनशाह के मर्तबे को बयां करते हुए उन्होंने क्षेत्रीय अकीदत को अपनी आवाज दी। ललितपुर की शान हैं सदनशाह वली हमारे, दुखियों के दर्द बांटते हैं ये वली हमारे। दर पे जो भी आता है, झोली भर के जाता है, करम की इक नजर कर दो, ऐ सदनशाह वली हमारे।



### सुबह तक चला गजलों का दौर

महफिल के आखिरी पड़ाव में मुज्तबा अजीज नाजा ने अपनी प्रसिद्ध सूफियाना गजलें पेश कीं। श्रोताओं की फरमाइश पर उन्होंने सुबह 5 बजे तक महफिल को थकने नहीं दिया। अपनी जादुई आवाज में उन्होंने पढ़ा मोहब्बत का सलीका जिसको आता है जमाने में, वही बस कामयाब होता है दिल के आस्ताने में। अंत में आभार व्यक्त नायब सदर अब्दुल रहमान कल्ला ने किया।

### तेज हवा और बारिश भी नहीं डिगा सकी जायरीनों का हौसला

रूहानियत का जुनून जब सिर चढ़कर बोलता है, तो मौसम की दुश्वारियां भी छोटी पड़ जाती हैं। महान सूफी संत हजरत बाबा सदनशाह (रह.) के 108वें सालाना उर्स के तीसरे दिन कुछ ऐसा ही मंजर देखने को मिला। मखमली चादरपोशी और दुआओं के दौर के बाद जब कव्वाली की महफिल सजी, तो प्रकृति ने इम्तिहान लिया, लेकिन अकीदतमंदों की मोहब्बत जीत गई।

### जैसे ही मुज्तबा नाजा ने संभाला माइक, बदला मौसम का मिजाज

गुरुवार की रात कव्वाली के मंच पर जैसे ही अंतरराष्ट्रीय कव्वाल मुज्तबा अजीज नाजा तशरीफ लाए, अचानक मौसम ने करवट बदल ली। आसमान में घने बादल छा गए और धूल भरी तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। एक पल को लगा कि महफिल में खलल पड़ जाएगा, लेकिन न तो कव्वाल के सुरों में कमी आई और न ही श्रोताओं के जोश में। तेज हवा और गिरती बूंदों के बीच मुज्तबा नाजा ने जब अपनी बुलंद आवाज में हम्द और नात-ए-पाक का आगाज किया, तो पंडाल में बैठे हजारों जायरीन अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए। बाबा की मोहब्बत में सुबह 5 बजे तक जमे रहे।

### आज होंगी इज्तिमाई शादियां

उर्स कमेटी के जनरल सेकेट्री मोहम्मद नसीम ने जानकारी दी कि आज 4 अप्रैल को दरगाह परिसर में इज्तिमाई शादियां आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन बाबा के संदेश खिदमत-ए-खल्क (मानवता की सेवा) को समर्पित है, जहाँ जरूरतमंद जोड़ों का निकाह पूरे रस्म-ओ-रिवाज के साथ कराया जाएगा।

संपूर्ण जिले में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों, चल-समारोह, भंडारों के साथ मनाया गया पर्व

# हनुमान जन्मोत्सवः दिलेर खालसा अखाड़े ने रामभक्तों की रग-रग में भरा जोश





## मुख्यालय पर निकले एतिहासिक अखाड़े में कलाकरों ने दी हैरतअंगेज प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़


अंजनीपुत्र भगवान हनुमान का जन्मोत्सव संपूर्ण जिले में धूमधाम एवं विभिन्न धार्मिक आयोजन, अनुष्ठानों के साथ उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर न केवल राजगढ़ मुख्यालय बल्कि जिले के सभी शहरों, कस्बों, गांवों में विशेष अनुष्ठानों के साथ पवनपुत्र की शोभायात्राओं के आयोजनों के साथ अविरल सुंदरकाण्ड, भंडारे इत्यादि के आयोजन रखे गए। राजगढ़ मुख्यालय पर पवनपुत्र के जन्मोत्सव को पंजाब से आमंत्रित किए गए दिलेर खालसा ग्रुप के विशेष अखाड़े ने एतिहासिक बना दिया। स्थानीय मनकामनेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना उपरान्त शाम करीब 4 बजे आरंभ हुआ अखाड़ा कलाकारों की हैरतअंगेज प्रस्तुतियों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ देर रात्रि काशीपुरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंचा जहां महाआरती उपरान्त सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया। अखाड़े के साथ-साथ भगवान हनुमान की विशेष मिट्टी से बनवाई गई प्रतिमा सभी के आकर्षण केंद्र रही और उसके आगे चल रहे अखाड़े के कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बच्चों, बड़ों, महिलाओं, बुजुर्गों सभी को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान समूचा क्षेत्र भगवान राम के जयकारों से गुंजायमान होता नजर आया।

### नगर में भी निकला एतिहासिक चल-समारोह

**नरसिंहगढ़।** मुख्यालय सहित नरसिंहगढ़ नगर में भी भगवान एतिहासिक चल-समारोह निकाला गया। शोभायात्रा में ध्वज-पताकाओं, ढोल-नगाड़ों और डीजे पर बजते भजनों के साथ भक्तिमय माहौल बना रहा। युवाओं ने रामभक्त के गीतों की धुन पर जमकर नृत्य करते हुए भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। विधायक मोहन शर्मा, समिति अध्यक्ष सुरेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगर के श्री मारूतिनंदन मंदिर में दिनभर चले धार्मिक आयोजनों के पश्चात शाम को महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। स्थानीय गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर देर रात तक भक्तिमय समां बांधे रखा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था। वहीं संध्या ट्रेवल्स द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था भी की गई।

### निकला भव्य चल समारोह जयकारों से गूंजा शहर

**खुजनेर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर खुजनेर सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल रहा विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड खुजनेर के तत्वावधान में शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए चल समारोह की शुरुआत 4 बजे झिरीवाले मंदिर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से हुई डीजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच निकले जुलूस में युवाओं का विशेष उत्साह देखने को मिला बजरंग अखाड़े के कलाकारों ने लट्ठबाजी सहित पारंपरिक शौर्य प्रदर्शन कर लोगों को आकर्षित किया शोभायात्रा खेड़ापति मंदिर से प्रारंभ होकर राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, पुराना थाना, हाट बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः खेड़ापति मंदिर परिसर पहुंचा जहां रात्रि 8 बजे सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई चल समारोह को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।



### *श्रद्धा और उत्साह का दिखा अद्भुत संगम*

*सारंगपुर। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। चल समारोह व्यायाम शाला हनुमान मंदिर शाखा से आरंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड तक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान भगवा पताकाएं लहराते कार्यकर्ता और श्री हनुमान जी की आकर्षक झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा अखाड़ों के पहलवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी का मन मोह लिया।*

पुलिस ने किया वाटर कैनन का इस्तेमाल

# किसानों के मुद्दे पर युवक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ शुजालपुर

तहसील के जेठड़ा जोड़ चौराहे पर गेहूं खरीदी की मांग को लेकर युवक कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर किसानों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। एक ओर सरकार किसानों और गरीबों की बात करती है, वहीं दूसरी ओर बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, किसान अपनी फसलों के उचित दाम के लिए भटक रहे हैं और महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेत्री रचना जैन, गजेन्द्र सिसोदिया, विष्णु शर्मा, चिराग परमार और मनीष परमार आनंद सिंह मेवाडा केदार सिंह मेवाडा अनोखी लाल सिसोदिया आकाश राजपूत सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कन्या उमावि एवं माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से मना प्रवेशोत्सव

**जीरापुर।** स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में प्रवेशोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति में बच्चों को पुस्तकें एवं सायकिल वितरित की गईं। इस अवसर पर विधायक दांगी ने कहा कि शासन की योजनाओं से विधार्थी लाभान्वित हो रहे हैं , जिससे परीक्षा परिणाम भी अच्छा आ रहा है प्रत्येक छात्राओं को कड़ी मेहनत से अध्यापन कार्य करें और अच्छे अंक प्राप्त करें। कार्यक्रम में प्राचार्य देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य विधार्थियों का नामांकन 100 प्रतिशत हो। जिन विद्यार्थियों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी उन्हें पुनः मुख्य धारा से जोडना है। जहां पर नरसिंह पवांर , योगेश गुप्ता सहित विधालय स्टाफ मौजूद रहा। संचालन कविता गुप्ता ने किया।

# गर्मियों में आगजनी से निपटने जिले में 57 फायर फाइटर टैंकर तैनात

## जनपद स्तरों पर कन्ट्रोल रूम में किए स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



ग्रीष्म ऋतु में पराली जलाने से होने वाली अत्यधिक गरमी होने एवं अन्य कारणों से होने वाली आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला पंचायत ने कदम उठाए हैं। जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने संपूर्ण राजगढ़ जिले में 57 फायर फाइटर टैंकर तैनात करवाए हैं जो अपने-अपने क्षेत्रों में उपलब्ध रहेगे एवं आगजनी की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचेंगे।

जनपद स्तरों पर इसके लिए कन्ट्रोल रूम भी बनाए गए हैं। जिले में जिन 57 टैंकरों को तैनात करवाया गया है उनमें जनपद पंचायत राजगढ़ में 10, जनपद पंचायत ब्यावरा में 09, जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में 17, जनपद पंचायत सांरगपुर में 06, जनपद पंचायत खिलचीपुर में 08, जनपद पंचायत जीरापुर में 07 टैंकर शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सेक्टर स्तर पर फायर ब्रिगेड (फायर फाइटर) के रूप में उपयोग हेतु तैयार किया गया है। राजगढ़ जिले में कहीं पर भी आगजनी की घटना होने की जानकारी की सूचना जनपद पंचायत स्तरीय कन्ट्रोल रूम में दी जा सकती है। इस हेतु प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किये गये है। जिसमें आगजनी की जानकारी दी जा सकती है। आकस्मिक स्थिति में 24 घण्टे तैयार रहने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया है। जिसकी जानकारी पुलिस थानों में भी साझा की गई है।



# बोर्ड के परिणामों में कृष्णा कान्वेंट ने फहराया परचम

**ब्यावरा-सुठालिया।** स्थानीय कृष्णा कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें कई विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया है। परीक्षा परिणामों में चाहत धनगर ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मुस्कान सोंधिया 90 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। अन्य मेधावी छात्रों में इमरान शाह, प्रतीक धनगर, सुमित सौंधिया, हिमानी राजपूत, ललित गुर्जर, भानू भिलाला, जीवन सोंधिया, शनि मालवीय सहित अन्य शामिल हैं।

### शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया श्रेय

स्कूल के इस शानदार प्रदर्शन पर संचालक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय प्राचार्य राधेश्याम सोंधिया, सह-प्राचार्य मनीषा कुशवाह एवं प्रभारी राधेश्याम भिलाला के कुशल मार्गदर्शन को दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं की सफलता में अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं में बानी सेन, पूजा गोस्वामी, स्नेहा विश्वकर्मा, पूर्ति विश्वकर्मा, रेणुका गोस्वामी, मोना वर्मा, मोना राठौर और चंद्रशेखर विश्वकर्मा के विशेष योगदान की सराहना की गई। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें पुरस्कृत कर बधाई दी।

सीजीडी जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई संपन्न

# प्राकृतिक गैस नेटवर्क के विस्तार हेतु जिलाधीश ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़





कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टारेट सभागर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में आगामी तीन माह के भीतर पाइपलाइन आधारित प्राकृतिक गैस अथवा सिटी गैस नेटवर्क की स्थापना को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने थिंक गैस कपंनी के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर डिमांड के अनुरूप कनेक्शन देने में आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिले में स्थापित गैस पाइपलाइन की अद्यतन जानकारी जीआईस मैप के माध्यम से संकलित कर पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएं जिससे बेहतर मॉनिटरिंग हो सके। कलेक्टर ने नवीन प्राप्त गैस कनेक्शन आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा जिला आपूर्ति अधिकारी को प्रतिदिन सीजीडी लॉगिन आईडी के माध्यम से प्रगति की समीक्षा के निर्देश दिए। सभी शासकीय संस्थानों जैसे अस्पताल, रेस्ट हाउस, छात्रावास, जेल, उपजेल व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में पाइपलाइन गैस कनेक्शन को बढ़ावा देने की बात भी उन्होंने कही।

### *1 हजार उपभोक्ता उपयोग में नहीं ला रहे कनेक्शन*

*बैठक में यह भी जानकारी दी ई कि राजगढ़ एवं ब्यावरा में 300 उपभोक्ताओं द्वारा कनेक्शन उपयोग उपरांत बंद कर दिया गया है एवं 1 हजार कनेक्शन उपयोग नहीं किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने सभी गैस उपभोक्ताओं की वार्डवार सूची तैयार कर संबंधित नगर परिषदों को उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में बैठक में जिला परियोजना अधिकारी, परिषदों के सीएमओ, थिंक गैस के प्रतिनिधि, जिला आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार उपस्थित थे।*

# जिलेभर में एक साथ 720 ठिकानों पर पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

31 मार्च की रात पुलिस ने जिलेभर में मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। एसपी रोहित काशवानी के नेतृत्व में जिलेभर के 720 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई। इस विशेष अभियान में जिले के सभी थाना क्षेत्रों से कुल 340 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। 5 एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी स्वयं फील्ड में मौजूद रहकर कार्रवाई का नेतृत्व करते रहे। कार्रवाई के दौरान कुल 292 वारंटों का निष्पादन किया गया। इनमें 28 स्थायी वारंट, 93 गिरफ्तारी वारंट तथा 171 जमानती वारंट शामिल हैं। एक ही रात में इतनी बड़ी संख्या में वारंट तामील होना पुलिस की सक्रियता को दर्शाता है।

### होटल ढाबों सहित 30 डेरों पर की गई चेकिंग

अभियान के तहत 8 जिलाबदर व्यक्तियों की जांच की गई, 116 हिस्ट्रीशीटरों को रडार पर रखा गया तथा 199 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी गई। इसके अलावा 75 होटल-ढाबों और 30 डेरों की चेकिंग कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई।

वहीं अवैध शराब के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए 15 प्रकरण दर्ज किए गए, 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 66.42 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

बड़े पुल स्थित खेड़ापति मंदिर में भंडारा भी हुआ आयोजित

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परिणय सूत्र में बंधी चार कन्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

हनुमान जयंती के अवसर पर नेवज नदी के बड़े पुल स्थित खेडापति हनुमान मंदिर में चार कन्याओं का निःशुल्क विवाह संपन्न करवाया गया। आयोजन के लिए समिति के युवा बीते अनेकों दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे। गुरुवार प्रातः से ही विवाह की रस्में आरंभ करते हुए भगवान के भंडारे की प्रसादी का निर्माण आरंभ करवा दिया गया।

दोपहर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान के सम्मुख कन्याओं ने सात फेरे लेकर नवजीवन का आरंभ किया। इसके उपरान्त आयोजन में सम्मिलित हुए सभी अतिथियों, समूचे किशनगढ़



वासियों एवं नगर के लोगों के लिए भगवान के भंडारे का आयोजन आरंभ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। क्षेत्र के सभी युवा रात्रि तक प्रसादी की परोसगारी में लगे रहे। मंदिर समिति ने सभी आयोजन में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया है।

# वियत्री महादेवी वर्मा के स्मरण में काव्यपाठ का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के अंतर्गत साहित्य अकादमी द्वारा संचालित मुक्तिबोध सृजन पीठ के तत्वावधान में गत दिवस प्रसिद्ध कवियत्री महादेवी वर्मा स्मरण एवं रचना पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार वल्लभ किशोर शर्मा ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में निर्देशक ऋषि कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

विशेष अतिथि के रूप में डॉ. भावना शर्मा चैबे सहित कई साहित्यकार मंचासीन रहे जिन्होंने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। उद्बोधन में वक्ताओं ने महादेवी वर्मा के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात काव्य पाठ का दौर शुरू हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। सारंगपुर के सुशील व्यास 'सारंग' ने "पीले चावल घर-घर आए, आया बुलावा राम का" प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश शर्मा 'सत्यम' ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मोहन सिंह परमार ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

खेल, संवाद व गतिविधियों के जरिए किए जा रहे प्रयास

# बदलाव की पहल के साथ बच्चों, युवाओं में जागरुकता के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अहिंसा के पीस वॉलिंटियर्स द्वारा युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गांवों में सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) की प्रभावी पहल की जा रही है। इस प्रक्रिया के माध्यम से युवा अपने ही गांव को गहराई से समझने, उसकी समस्याओं, संसाधनों और संभावनाओं को पहचानने का प्रयास कर रहे हैं।

इसी क्रम में बुधवार को ग्राम टांडीकला में पीस वॉलिंटियर राधेश्याम विश्वकर्मा द्वारा जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने गांव में चल रही विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) कराया, जिसमें युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने गांव की स्थिति को समझने का प्रयास किया। पीस वॉलिंटियर्स का यह प्रयास लगातार जारी है,



जिसमें युवा और किशोर बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यह पहल न केवल युवाओं को जागरूक और जिम्मेदार बना रही है, बल्कि गांवों में सकारात्मक और स्थायी बदलाव की दिशा भी तय कर रही है। पीस वॉलिंटियर्स द्वारा गांव-गांव में युवाओं को जोड़ने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान युवाओं को संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने और उन्हें अपने व्यवहार में उतारने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने का यत्न

इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि युवा स्वयं संविधान के मूल्यों को समझें, उन्हें अपने जीवन में अपनाएं और अपने समुदाय में भी उसका सकारात्मक प्रभाव फैलाएं। इस प्रयास के माध्यम से गांवों में सम्मान, समानता और भाईचारे का वातावरण मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही बाल सगाई, बाल विवाह, नशा, भेदभाव और अन्य सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। पीस वॉलिंटियर्स युवाओं और किशोरों के साथ मिलकर संवाद, गतिविधियों और जनजागरूकता के माध्यम से इन मुद्दों पर निरंतर काम कर रहे हैं।